

# * पुनरावर्तन –१ *

१. **सुनो और दोहराओ :**


बन–वन, पर–फर, उन–ऊन, आधा–सादा, कार–खार, सात–साथ, गृह–ग्रह, वाणी–पानी, मेघा–मेधा, ऋचा–कृपा, शेर–सेर, चरण–चारण, कपड़ा–डबरा, लोरी–लॉरी, शाप–साँप, उधार–उघाड़, सरपट–सरपत ।

२. **तुम अपने पड़ोस के बच्चों के साथ कैसा व्यवहार करते हो, बताओ ।**

३. **अनुरेखन करो और पढ़ो :**

भाला, कमल, खिलाड़ी, गुब्बारा, रस्सा, नूपुर, हृदय, गिरगिट, बाबा

४. **दिए गए प्राणियों और उनके घर की उचित जोड़ी मिलाओ :**




५. **तुम्हारे बनाए हुए रेत के घरौंदे को किसी ने तोड़ दिया तो तुम क्या करोगे ?**

## कृति/उपक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| किसी कार्यक्रम में पहेलियाँ/ चुटकुले सुनाओ । | अपना और अपने परिवार का परिचय दो । | परिसर में लगी तख्तियों से मात्रावाले शब्द पढ़ो । | समाचारपत्र में छपे बिना मात्रावाले वर्णों के नीचे रेखा खींचो । |



# * पुनरावर्तन -२ *

१. सुनो और दोहराओ :


बैल-बेल, ढाल-गढ़, ओज-भोज, रंग-रग, तमिळ-कमल, साड़ी-कढ़ी, छत-छत्र, विज्ञान-विज्ञापन, रिपु-ऋतु, गौरी-कसौटी, झाँझ-साँझ, चाभी-दीया, हाल-हॉल, साल-शॉल, तृण-हृदय, पेड़-डमरू ।

२. परीक्षा के समय अचानक तुम्हारा पेन खराब हो जाए तो तुम क्या करोगे ?

३. अनुरेखन करो और पढ़ो :

श्रम, शहर, गृह, गौरीश, अतः, बॉल, पैसे, बीती, मुँह, मैसूर

४. ध्यान से देखो और पत्तों के आधार पर पौधों/वृक्षों के नाम हिंदी और मराठी में लिखो :



५. पुस्तक मेले में जाकर पुस्तकों का निरीक्षण करो और उनपर चर्चा करो ।

## कृति/उपक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| रेडियो/दूरदर्शन पर सुने हुए विज्ञापन सुनाओ । | यदि तुम्हें पंख लग जाएँ तो तुम क्या-क्या करोगे, बताओ । | अपनी पसंद के चित्र लेकर चित्रवाचन करो । | समाचारपत्र एवं दिनदर्शिका के मात्रावाले शब्द लिखो । |